दिनांकः 04.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य में पिछले 24 घंटों में अधिकांश स्थानों पर बादल गरजने के साथ बारिश हुई हैं जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, कोटा, बूंदी, बारां, टोंक, जोधपुर, जालौर और पाली जिले में कहीं–कहीं भारी बारिश दर्ज की गई इसके अलावा उदयपुर, भीलवाड़ा और बाड़मेर जिले में कहीं–कहीं भारी से अतिभारी बरसात हुई मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 17 सेंटीमीटर बारिश उदयपुर के ऋषभदेव में रिकॉर्ड की गई बाड़मेर के गुडामालानी में 15 सेंटीमीटर, बूंदी के नैनवा में 12, प्रतापगढ के पीपलखूंट, जयपुर के बस्सी और बांसवाड़ा में 9–9, उदयपुर के गोगुंदा और वल्लभनगर में तथा टोंक के देवली, बारां के मांगरोल, कोटा के लाडपुरा और पाली तथा सांचौर में 8–8 सेंटीमीटर वर्षा हुई जयपुर के पास जोबनेर, रेनवाल और सांभर क्षेत्र में बीती रात दो से तीन घंटे हुई मूसलाधार बारिश से कई गावों के निचले इलाकों में पानी भर गया हैं क्षेत्र के कई तालाब ओवरफ्लो हो गए और कई मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं क्षेत्र में कई गांवों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई हैं जालौर जिले के सायला, भीनमाल और जसवंतपुरा में हल्की से मध्यम बरसात का दौर जारी हैं सवाईमाधोपुर में देवपुरा बांध पर चादर चल रही हैं जोधपुर में तींवरी के पास तेज बहाव के चलते ओसियां और तींवरी के बीच रेलवे लाइन पानी में डूब गई है, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ हैं मौसम विभाग के अनुसार आज जोधपुर, उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग में कहीं–कहीं भारी और अतिभारी बारिश होने की संभावना हैं जयपुर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मध्यम तथा कहीं–कहीं तेज बारिश के आसार हैं राज्य के अधिकांश भागों में अगले 4–5 दिन मॉनसून सक्रिय रहने तथा कहीं–कहीं भारी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की प्रबल संभावना हैं

..........................................................................

प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर सभी रेंज एडीजी पुलिस विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं इसी कड़ी में आज भरतपुर में महिला सुरक्षा संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गयां एडीजीपी आनंद श्रीवास्तव ने महिला अत्याचारों पर नियंत्रण के लिए एक जुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दियां उन्होंने जिले में निर्भया स्क्वायड की तैनाती पर खुशी व्यक्त कीं इस मौके पर आईजी राहुल प्रकाश सहित भरतपुर, धौलपुर, करौली, डीग, सवाईमाधोपुर और गंगापुर सिटी के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी मौजूद रहें महिला सखी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक और सीएलजी सदस्यों के अलावा विभिन्न एनजीओ से जुड़ी महिलाओं ने भी संगोष्ठी में भाग लियां

..........................................................................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालिंपिक्स में पदक जीतने के लिए भारतीय खिलाड़ियों शरद कुमार, मरियप्पन थंगावेलू, अजित सिंह और सुंदर सिंह गुर्जर को बधाई दी हैं श्रीमती मुर्मू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इनकी उपलब्धि उत्कृष्ट प्रदर्शन का उदाहरण हैं उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश को उनकी उपलब्धियों पर नाज हैं वहीं प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणादायी हैं

..........................................................................

जयपुर हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने आज सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 430 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कियां निगम की टीम ने मौके पर ही 20 हजार रुपए का चालान भी काटां यह छापा घोड़ा निकास रोड स्थित एक गोदाम पर मारा गया, जहां से प्लास्टिक की थैली की बड़ी खेप बरामद हुई हैं

..........................................................................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं–12वीं की मुख्य परीक्षा–2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने की कल आखिरी तारीख हैं बोर्ड ने दूसरी बार तारीख को आगे बढाया हैं इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 अगस्त निर्धारित थी, जिसे पहले दो सितम्बर किया गया और अब

पांच सितम्5बर कर दिया गया हैं परीक्षा के लिए अब तक 19 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं

.......................................................................

सवाईमाधोपुर में करमोदा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में जनजाति उपयोजना के अंतर्गत 7 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआं कार्यक्रम में सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी और करौली जिले के 40 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लियां

.......................................................................